हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव

# घर में लगी भीषण आग, दो महिला झुलसी, सामान निकालने गए युवक को सांप ने काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर में अचानक आग लग गई। बढ़ती आग के बीच मोहल्लेवासियों के प्रयास से घर में रह रही दो महिला को झुलसी स्थिति में बाहर निकाला जा सका। वहीं आगजनी के बीच घर का सामान हटाने के प्रयास में एक युवक को सांप ने काट लिया। घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दोनों महिलाओं एवं सर्पदंश से पीड़ित युवक को तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग साढे आठ-नौ बजे शहर के गौरीनगर इलाके में गली नंबर तीन स्थित एक घर अचानक आग की चपेट में आ गया।

## घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, तीनों पीड़ित अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती

### मशक्कत बाद बाहर निकाला

घर से धुंए का गुबार और आग को देखते ही आसपास के लोगों व मोहल्ले में हड़कंप मच गया था। बताया गया कि उक्त घर में दो महिलाएं रेखा व मालती रह रही है, जो अचानक आग लगने की घटना से झुलस गई। इधर तत्काल मोहल्ले के लोगों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता हफीज खान, धर्मेन्द्र प्रताप, युनुस फ्रासिंस, आरिफ खान लक्की, प्यारे साहू सहित अन्य लोगों ने आसपास से पानी की व्यवस्था कर आग को बुझाने का प्रयास किया। वहीं घर में मौजूद उक्त दोनों महिलाओं को मशक्कत बाद बाहर निकाला जा सका।



### सामान हटाने के प्रयास में युवक को सांप ने काटा

बताया गया कि घर में लगी आग को बुझाने और घर का सामान बाहर निकालने के प्रयास में युवक प्रकाश राव को घर में सांप ने काट लिया। जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर घायल रेखा व मालती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। वहीं सर्पदंश से पीड़ित युवक को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती किया गया।

**मशक्कत बाद आग पर पाया काबू :** मोहल्ले के रहवासियों के काफी प्रयास एवं मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने मशक्कत कर आग पर लगभग दो घंटे बाद काबू पाया। इस दौरान क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। बताया गया कि घर में गैस सिलेंडर भी था, जिसे फायर बिग्रेड की टीम ने बाहर निकाला। घटना में घायल दोनों महिलाएं बहन है, जो काफी गरीब परिस्थिति में है। अस्पताल में दोनों महिलाएं एवं सर्पदंश से पीड़ित युवक का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि उक्त आग लगने की घटना से लगभग दो-ढाई लाख रुपए के सामान का नुकसान हुआ है। देर रात तक मोहल्ले के लोग मौके पर मौजूद रहे। आग को देखकर मौके पर पहुंचे लोगों ने अपने फोन से उसे कैद भी किया। इसकी क्लिप सोशल मीडिया में भी वायरल की गई।

## पीएम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा होने के बाद जांच में पकड़ाए दोनों आरोपी

# प्रेमिका से दोस्त के प्रेम प्रसंग से खफा युवक ने साथी के साथ मिलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक महिला से प्रेम-प्रसंग के चलते पहले प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर युवक को रास्ते से हटाने उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 सितंबर को ग्राम जोरातराई रेलवे ट्रेक किनारे अज्ञात शव मिला था। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। मृतक की पहचान अजय सिन्हा निवासी गौरीनगर अचानक नगर के रूप में की गई थी। पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 बीएनएस पंजीबद्ध कर पुलिस विवेचना कर रही थी।

**घुमाने के बहाने ले जाकर की हत्या :** बाइक को पोस्ट आफिस चौक ब्रिज के किनारे खड़ा कर वे दोनों घूमकर झांकी देखे। वापस पोस्ट आफिस चौक में अपनी बाइक के पास आए तो वहीं पर अजय सिन्हा आते दिखा, जिसे घूमने के बहाने जोरातराई रोड किनारे रेलवे ट्रेक के पास ले गए और शराब पीये। शराब पीने के दौरान अजय सिन्हा को अपनी प्रेमिका से दूर रहने बोला, जिस पर दोनों के बीच विवाद हुआ, तब आरोपी ने तुलेश को चाकू लेकर आने बोला।

तुलेश चाकू को बाइक से निकालकर लाया और इस दौरान छीनाझपटी हुई। तुलेश ने वहीं पड़े पत्थर से अजय के सिर पर मारा। जिससे अजय गिर गया, तब आरोपी ने उसके गले में 3-4 वार किया और अजय के मस्तक पर पत्थर मारकर चाकू को झाड़ी में फेंककर वहां से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अनिल डौण्डे 32 वर्ष गौरीनगर एवं तुलेश साहू 32 वर्ष लछना मुढ़ीपार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड में लिया गया है।

## दो दिन पहले मिला था मृतक युवक का शव




### दोस्त का महिला के घर आना-जाना था

माह मार्च-अप्रैल 2025 में वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मकान निर्माण कराने के लिए गांव चला गया तो अपने दोस्त अजय सिन्हा को अपनी प्रेमिका एवं उनके बच्चों का देखरेख करने बोला था। अजय सिन्हा का आरोपी की प्रेमिका के घर आना-जाना हो गया। इस दौरान दोनों के मध्य प्रेम संबंध हो गया। इस बात की जानकारी होने पर आरोपी ने दोनों को प्रेम संबंध रखने से मना किया। कई बार समझाया, किन्तु दोनों नहीं माने।

### घटना के लिए अन्य युवक की ली मदद

तब अजय सिन्हा को रासते से हटाने का मन बनाया। आरोपी ने अपने काम के लिए रखे ग्राइंडर से एक लोहे का चाकू को धार किया और अवसर की तलाश कर रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका दोस्त निवासी ग्राम मुढीपार का छोटा भाई तुलेश साहू एक बार मर्डर के केश में जेल गया था। जिसकी जानकारी उसे थी। जिससे मदद लेने के लिए 6 सितंबर को शाम 6 बजे बाइक से मुढीपार गया, जहां तुलेश साहू को अपना प्लान बताकर उसे साथ लेकर वापस 7 सितंबर को सुबह 4 बजे राजनांदगांव आया।

### महिला से आरोपी के प्रेम संबंध थे

पुलिस के अनुसार इस मामले में गठित पुलिस टीम ने आरोपी की पतासाजी शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों व मुखबीर की सूचना पर आरोपी अनिल डौण्डे 32 वर्ष एवं तुलेश साहू 32 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ पर संदेही आरोपी अनिल डौण्डे ने पुलिस को बताया कि एक महिला से 15 वर्ष पूर्व प्रेम संबंध था। जिसका विवाह किसी अन्य से हुआ था, जो विवाह के बाद अपने पति को छोड़कर दो बच्चों के साथ राजनांदगांव वापस आई और उससे मदद मांगी, जिस पर वह उसे अपनी पत्नी बताकर एक किराये का मकान दिलवाया और आर्थिक मदद करता था।

# झांकी की लेजर लाइट से फोन के कैमरे डेमेज, आ रही लकीरें

## लेजर से आई लकीरों को सुधरवाने में आ रहा हजारों का खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश विसर्जन झांकी के दौरान रौशनी की चकाचौंध के बीच लेजर लाईटों का उपयोग भी किया गया था। जिसकी वजह से विसर्जन झांकी का नजारा अपने मोबाइल कैमरे में शूट कर रहे लोगों के मोबाइल कैमरे खराब हो गए हैं। जिससे मोबाइल धारकों को बड़ी चपत लगी है।



राजनांदगांव शहर की ऐतिहासिक गणेश विसर्जन झांकी का वीडियो शूट करने सैकड़ों यूट्यूब और स्थानीय लोग झांकी के मनोरम दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे के माध्यम से फिल्म रहे थे। इस दौरान कई समितियों की झांकी में लेजर लाईटों का उपयोग किया गया था, जो देखने में आकर्षक लग रहा था, लेकिन मोबाइल कैमरे के लिए काफी घातक हो गया। इन लाईटों की वजह से विसर्जन झांकी का वीडियो बना रहे दर्जनों लोगों के मोबाइल कैमरे पर लाईट का असर पड़ा है। इसकी वजह से मोबाइल के कैमरे खराब हो गए हैं।

### कैमरे के सेंसर पर पड़ा असर

विसर्जन झांकी के दौरान वीडियो शूट करते समय मोबाइल कैमरे के सीधे लैंस पर लाईट का फोकस पड़ते ही कैमरे में पतली लाइनखींच गई। यह लाइन कैमरे की लैंस पर आड़ी और तिरछी नजर आने लगी। लेजर लाईट सीधे कैमरे की सेंसर पर पड़ा और कैमरा खराब हो गया। अब प्रभावित हुए मोबाइल कैमरों से तस्वीर खींचने पर तस्वीरों में भी लकीरें आ रही है।

### दो से तीन हजार का खर्च

लेजर लाइट की वजह से डैमेज हुए मोबाइल कैमरे को सुधरवाने का खर्च सामान्य एंड्राइड मोबाइल के लिए 2 से 3 हजार रुपए तक आ रहा है। मोबाइल कैमरा खराब होने वाले लोगों ने कहा कि झांकियों का वीडियो सैकड़ों लोग बनाते हैं। जिसमें हर वर्ष लोगों के मोबाइल फोन के कैमरे खराब होते हैं। इस तरह के लाईटों का उपयोग विसर्जन झांकियों में नहीं करना चाहिए।

# ठेकेदारों को भुगतान नहीं, राजधानी में 16 को प्रदेश स्तरीय बैठक, बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विभिन्न विभागों में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक कर अपनी समस्याओं को रखने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। जिसमें कार्यों का भुगतान नहीं होना और समय पर कार्य पूरा करने अधिकारियों द्वारा दबाव बनाने के मामलों को प्रमुखता से रखा जाएगा। बैठक के आयोजन को लेकर ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने कहा कि विभिन्न निर्माण विभागों में कार्यरत ठेकेदारों को बिलों का भुगतान लंबे समय से नहीं किया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर अधिकारी समय पर काम पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाते हैं। अधिकारियों की मनमानी और विसंगतियों को लेकर ठेकेदारों में रोष है। ऐसे कई मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने राजधानी में राज्य स्तरीय बैठक करने का ऐलान किया है। 16 सितंबर को होने वाली इस बैठक में प्रदेशभर के कांट्रेक्टर शामिल होंगे। बैठक के पश्चात राज्य सरकार के सामने निर्माण संबंधी मुद्दों को ठेकेदार प्रमुखता से रखेंगे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला, राजनांदगांव के अध्यक्ष संजय सिंगी ने कहा कि संगठन की मजबूती और विस्तार के साथ ही विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा और निर्णय लेने यह बैठक बुलाई जा रही है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### ठेकेदार होते हैं परेशान

राज्य विकास में ठेकेदारों की अहम भूमिका होती है, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्याओं का निराकरण करने के बजाय हर स्तर पर जटिल प्रक्रिया उत्पन्न करने में ही ज्यादा दिलचस्पी दिखाई जाती है। जिस वजह से निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं और ठेकेदार अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। ठेकेदारों ने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रक्रिया ऐसी होती है कि लाखों रूपए की सामग्री उधारी में लेना पड़ता है और जब विभागों से बिलों का भुगतान होता है, तब ट्रेडर्स को बकाया चुकाया जाता है।

### करोड़ों के बिल अटके

वर्तमान में करोड़ों रूपए का बिल छह महीने से लेकर एक साल से लंबित है। जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसका सीधा असर निर्माण कार्यों पर पड़ता है। ऐसे सभी मसलों पर प्रदेश के सभी जगहों के कांट्रेक्टर राज्य स्तरीय बैठक में अपनी बातों को रखेंगे। इसके बाद बैठक में आए सभी बिंदुओं का ज्ञापन राज्य शासन को सौंपने का फैसला लिया जाएगा, तब उक्त बैठक में सभी विभाग के ठेकेदार उपस्थित रहेंगे। प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल होने आयोजित स्थानीय बैठक के दौरान विनोद जैन, गौरव खंडेलवाल, कैलाश अहिरवार, उत्तम संचेती, अताउल्लाह खान, योगेश मानिक, प्रदीप सिंघल, बंटी कांडा आदि उपस्थित थे।

# जुआ खेलते 9 आरोपियों को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एक बिल्डिंग मटेरियल के आफिस में एकत्र होकर जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर 9 आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों से नगदी रकम 37 हजार रुपए व 9 मोबाइल बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिल में अवैध जुआ, सट्टा, गांजा, शराब के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के आदेश पर छुईखदान पुलिस टीम द्वारा 11 सितंबर को महेन्द्र सिंह ठाकुर का बिल्डिंग मटेरियल का ऑफिस छुईखदान में अवैध रूप से 52 पत्ती ताश से रुपए-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का खेल खेलते हुए आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी प्रेमलाल पटेल 40 साल साकिन कोरार्य, केदारनाथ साहू 28 साल साकिन कुटेलीखुर्द, मोहम्मद अख्तर 38 साल साकिन वार्ड नं. 12 टिकरीपारा, ओमप्रकाश पटेल 27 साल साकिन भोरमपुर, संजू नेताम 46 साल साकिन वार्ड 15 टिकरीपारा, गौतम सिंह चंदेल 50 साल साकिन वार्ड नं. 1 छुईखदान, निलेश गुप्ता 26 साल साकिन वार्ड नं. 3 जमातपारा, रवि सिंह बघेल 34 साल साकिन रामपुर नवागांव, विशाल मारूतकर 40 साल साकिन लक्ष्मणपुर भाटापारा, महेन्द्र सिंह ठाकुर 52 साल साकिन वार्ड नं. 11 कबीर चौक को पकड़ा गया।

### 9 मोबाइल बरामद

आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 37,000 रुपए, 9 नग मोबाइल कीमती 33800 रुपए कुल जुमला 70,800 रुपए जब्त कर धारा 4, 5 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध किया गया। पुलिस की कार्रवाई से जुआ खेलने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पसरा में दुकान लगाने के नाम पर विवाद, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगांव शहर में शुक्रवार सुबह दो व्यापारियों के बीच दुकान लगाने के नाम पर जमकर विवाद हो गया।

दोनों व्यापारियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष दोनों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई। इस मामले में दोनों पक्ष की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है।

डोंगरगांव थाना में दर्ज एफआईआर के अनुसार शहर के ही फुटपाथ पर दुकान लगाने के नाम पर शेख इस्माइल और मेहताब आलम के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्ष की तरफ से डोंगरगांव पुलिस थाना में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है।

### सरपंच से लड़ाई-झगड़ा, आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** सरपंच से लड़ाई-झगड़ा व शांति भंग करने वाले के विरूद्ध पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अनावेदक रामेश्वर 27 साल निवासी परसबोड़ पुलिस चौकी मोहारा ग्राम पंचायत दैहान के सरपंच गुलशन नागवंशी के साथ वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना होने पर अनावेदक के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालिक दंडाधिकारी डोंगरगढ़ के समक्ष पेश करने पर जेल वारंट प्राप्त होने पर उप जेल डोंगरगढ़ दाखिल किया गया है।

# चाकूबाजी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रास्ते में मारपीट व चाकूबाजी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 11 सितंबर को प्रार्थी रामचंद्र वर्मा 25 साल निवासी ग्राम चिंगली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 सितंबर को मोटर साइकिल से अपनी बहनों को लेने राजनांदगांव आया था। बहनों को लेकर वापस गांव जाने के लिए करीब 3 बजे नगर निगम कार्यालय राजनांदगांव के सामने बस स्टॉप के पास खड़ा था। उसी समय लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू जोशी नामक लड़का आने-जाने वालों को नशे की हालत में अश्ली गाली-गलौज कर रहा था, उसे देखकर गाली गुप्तार करने लगा, जिसे मना करने पर इसके साथ मारपीट करते अपने पास रखे लोहे के धारदार चाकू से बांये हाथ की उंगली में वारकर चोंट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 118 (1), 351 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी की पता तलाश कर मुखबीर की सूचना पर आरोपी लक्ष्मीकांत जोशी उर्फ पप्पू जोशी 26 वर्ष स्टेशनपारा शिक्षक नगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया। जिसके कब्जे से एक बटनदार धारदार चाकू जब्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित कर 12 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर जिला जेल में दाखिल किया गया।

## अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट, 36 से 32 डिग्री पर जा पहुंचा

# बंगाल की खाड़ी में सिस्टम एक्टिव होने से अंचल में बारिश की गतिविधियों में इजाफा, अगले तीन दिन ऐसे ही मौसम के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते अब मानसून ब्रेक की स्थिति से राहत मिल गई है। अंचल सहित प्रदेशभर में शुक्रवार से मानूसन सक्रिय हो गया है। जिले में भी दोपहर बाद बेहतर बारिश देखने को मिली। इस बारिश से जहां तापमान में गिरावट आने से आमजन को राहत मिली है। वहीं धान की खेती करने वाले किसानों को भी इससे मदद मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिन तक ऐसे ही मौसम के बने रहने की संभावना है।

इधर एक्टिव सिस्टम के बारे में जानकारी देते मौसम विभाग ने बताया कि निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी उत्तर आंध्र तक और दक्षिण उड़ीसा तट से दूर बना हुआ है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण उड़ीसा और उससे लगे उत्तर आंध्रप्रदेश और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अमृतसर, मुजफ्फरपुर, हरदोई, डाल्टनगंज, निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। एक द्रोणिका पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र से दक्षिण महाराष्ट्र तक छत्तीसगढ़ विधान होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व झारखंड और उसके आसपास 00.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### पारा 36 तक पहुंचा

अंचल में पिछले तीन सितंबर के बाद से बेहतर बारिश नहीं होने की वजह से तापमान में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा था। आलम यह था कि गुरुवार को अंचल का अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक जा पहुंचा था, जो सामान्य से लगभग 9 डिग्री अधिक था। हालांकि शुक्रवार दोपहर को हुई बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है।

### अब तक इतनी बारिश

प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले बारिश के आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में अब तक 845 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह सामान्य से लगभग 8 फीसदी बेहतर है। वहीं शुक्रवार को भी अंचल में 20 मिमी से अधिक बारिश देखने को मिली है। ऐसे में संभावना है कि जून से सितंबर महीने तक चलने वाले मानूसन सीजन में इस बार भी सामान्य से बेहतर बारिश देखने को मिलेगी।

### अंचल सहित पूरे संभाग में भारी वर्षा के भी आसार

मौसम विभाग के अनुसार अंचल में आज और कल मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। बताया गया कि एक्टिव सिस्टम की वजह से प्रदेश में कल 13 सितंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिले संभावित है। यह स्थिति अगले दो दिनों तक बने रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### बघेल की पुस्तक का विमोचन 14 को

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा आगामी 14 सितंबर को माँ कर्मा भवन मटिया में 12 वाँ स्थापना उत्सव मनाएगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शिवनाथ साहित्य धारा के अध्यक्ष महेंद्र बघेल की पुस्तक व्यंग्य संग्रह झन्नाटा तुंहर द्वार का विमोचन किया जाएगा। उपस्थित साहित्यकारों द्वारा इस पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। दूसरे सत्र में साहित्यकार थानसिंह वर्मा राजनांदगांव को शिवनाथ साहित्य सम्मान, बलदाऊ राम साहू दुर्ग को तिलोक साहू स्मृति बनिहार सम्मान और वीरेंद्र तिवारी अर्जुनी को शिवनाथ सृजन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि कथाकार परदेसीराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता विनोद कुमार साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष नीरेंद्र साहू, कुबेरसिंह साहू, अरुण कुमार निगम होंगे। अंतिम सत्र में कवियों द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।

### कोमल ने किया मोहन, पदमा का अभिनंदन

**सड़क अतरिया।** राज्य शिक्षक सम्मान के लिए शिक्षक मोहन जंघेल पूर्व माध्यमिक शाला बाईकटोरी एवं संडी प्राथमिक स्कूल की प्रधान पाठिका पदमा साहू का चयन किया गया है। उन्हे महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने गुरूवार को उन्हे श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान सूर्यकांत वैष्णव, ललित मेरावी, चन्द्रकुमार वर्मा, डोमार वर्मा, चरणदास मानिकपुरी, लाकेश्वर नेताम, शिक्षक उमेश कुमार वर्मा, रामचंद्र धुर्वे, अनुपा यादव, कुमारी यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### ओपीडी में अपेक्षित सुविधा नहीं

**डोंगरगढ़।** जनप्रतिनिधियों की मांग पर पुराने अस्पताल को ओपीडी खोल दिया गया है किन्तु यह व्यवस्था महज दिखावा साबित हो रही है। बुधवारी स्थित पुराने अस्पताल के बंद होने के बाद शहरवासियों के अलावा पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, सुरेन्द्रसिंह बन्नोआना, पूर्व पालिका अध्यक्ष तरूण हत्थेल, अमित छाबडा, अमित जैन सहित सहित अन्य ने अछोली में बने नए अस्पताल के साथ पुराने अस्पताल को सुविधा युक्त अस्पताल के रूप में खोलने की मांग की थी। पुराने अस्पताल में आनन फानन में अस्पताल प्रबंधन ने कुछ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ओपीडी शुरू कर दिया गया है किन्तु पर्याप्त व्यवस्था नही होने के कारण लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है इसके बाद भी कई नेता श्रेय लेने में लगे हैं।

### शांति भंग करने वाले पर कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** असमाजिक तत्वों के विरूद्ध शुरू किए गए अभियान के तहत 11 सितंबर को छीरपानी मंदिर परिसर में अनावेदक राम पालन प्रसाद पिता गोरखप्रसाद निवासी चकरा गोसाई उत्तर प्रदेश अतिथि गृह में रखे राजमिस्त्री के सामान को इधर से उधर कर रहा था। मंदिर कर्मचारी द्वारा पकडे.जाने पर वह वाद विवाद करने लगा एवं लोगों द्वारा समझाने पर लड़ाई-झगड़ा करने उतारू हो गया था। आरोपी के विरूद्ध धारा 170/125, 135 (3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।



### शनिवार को पहले की तरह लगेंगे स्कूल

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन ने शनिवार को विद्यालयों के संचालन पूर्व की तरह सुबह करने का आदेश जारी किया। यह निर्णय विद्यार्थियों और अभिभावकों के हित में स्वागत योग्य है। अब शनिवार को पुनः सुबह विद्यालय लगेंगे, जिससे बच्चों के विकास को नई दिशा मिलेगी। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि जब सुबह स्कूल लगाना बंद किया था, तब बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पढ़ाई को देखते हुए पुनः सुबह संचालित करने की मांग किया गया था। सरकार ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए अब आदेश जारी किया है।



### स्पर्धा में छाए शिशु मंदिर के विद्यार्थी

**डोंगरगढ़।** विभिन्न प्रतियोगिताओं में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का वर्चस्व रहा। प्रतियोगिता अंतर्गत योगासन के तरुण वर्ग में मेघराज वर्मा प्रथम, किशोर वर्ग में पराग वर्मा, योगेंद्र साहू प्रथम, बहन वर्ग में रुनझुन पांडे, श्रद्धा चौरसिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बिलासपुर में आयोजित प्रांतीय शतरंज प्रतियोगिता के बाल वर्ग मयंक सहारे, गुरुदत्त सहारे, तुषार टेंभुरकर और निशांत जैन द्वितीय स्थान पर आए। तरुण वर्ग बहप में द्रोणी सिंहा, लता साहू, मनस्वी यादव द्वितीय स्थान आए। क्षेत्रीय प्रतियोगिता में निशांत जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खैरागढ़ में आयोजित विभागीय संस्कृति महोत्सव अंतर्गत राहुल सिन्हा निबंध, शिवम् सिन्हा चित्रकला राशि सिन्हा, गीत इशिका पटेल, अलिशा जनवंधु चित्रकला का प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। एकल अभिनय में द्वितीय खोमिका यादव, तबला वादन में द्वितीय तुषार साहू, एकल अभिनय तरुण वर्ग में द्वितीय ओम चंद्राकर रहे। सभी विजेता भै बहनों को विद्यालय परिवार में बधाई दी है।



## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

# समर्पित होकर करें अभ्यास और हिस्सा लें खेलों में : सांसद पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के समापन समारोह का आयोजन आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने की।

सांसद संतोष पाण्डेय ने हॉकी के जादूगर स्वर्गीय ध्यानचंद को याद करते बताया कि उन्होंने राजनांदगांव में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ध्यानचंद खेल का इतना ज्यादा अभ्यास करते थे कि वे हॉकी के जादूगर हो गए। वे हॉकी खेल के प्रति समर्पित हो गए। उन्होंने कहा कि जब किसी खेल में समर्पित होते हैं तो वह प्रतिभा निखरकर प्रदेश के मंच, मैदान, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल व खिलाडिय़ों के प्रति हमेशा सजग रहते है। खिलाडिय़ों से चर्चा करते हैं। उन्होंने बताया कि ओलंपिक खेल की मेजबानी भारत करने वाला है। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय खिलाडिय़ों का है। यहां के अनेक खिलाड़ी बड़े-बड़े पदों पर है। उन्होंने खिलाडिय़ों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे खिलाड़ी बनने तथा देश के लिए खेलने के लिए शुभकामनाएं दी।




### प्रदेशभर के खिलाड़ी हुए शामिल

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि खिलाडियों ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर तरीके से प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन एवं नियम के साथ खेला जाए तो खेल रूचिकर हो जाता है। सभी खिलाड़ियों ने नियम और अनुशासन से खेल में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि खेल में एक लक्ष्य बनाकर खेलना आवश्यक होता है। खिलाड़ी पूर्ण निष्ठा, अनुशासन, नियम और संघर्ष करने से सफलता जरूर हासिल होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा को दिखाते हुए जीत हासिल किया है। उन्होंने खिलाड़ियों को हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए शुभकानाएं दी। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास रमेश पटेल, सुमित सिंह भाटिया, आलोक, श्रीमती अमृता सिन्हा, फिरोज अंसारी, रघुवीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## झूलों की दर निर्धारित करने की मांग उठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने नवरात्र मेला में मीना बाजार के झूलों की दर कम रखने एसडीएम और मुख्यनगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने ज्ञापन में बताया कि क्वांर नवरात्र के दौरान प्रशासन द्वारा मीना बाजार लगाया जाता है जिसमें दर्शनार्थियों एवं स्थानीय लोगों के मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था की जाती है पिछली बार झूलों के लिए 50 से 60 रुपए वसूला गया था। उन्होंने प्रशासन से झूले की दर 20 से 30 रुपए निर्धारित करने हेतु मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि परविंदरसिंह मोंटी, तुलसी मिश्रा, राकेश अग्रवाल, रमेश यादव, गीता मानिकपुरी, मीना यादव, अनिल यादव, पूजा उज्जवने, बापी सान्याल आदि उपस्थित थे।

- पिछले साल जमकर उगाही किया था झूला संचालकों ने
- सांसद प्रतिनिधि ने सौंपा ज्ञापन

## शिक्षिका लक्ष्मी देवांगन सम्मानित



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला बधियाटोला में पदस्थ प्रधानपाठिका सुश्री लक्ष्मी देवांगन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ अब्दुल कलाम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कुरुद क्षेत्र में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा संस्था द्वारा उन्हे गत 8 सितंबर को सम्मानित किया। बताया गया कि सुश्री देवांगन ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, कबाड़ से जुगाड़, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार, स्वच्छता, कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसके लिए सुश्री देवांगन को सम्मानित किया गया। यह सम्मान संत गुरु घासीदास शासकीय महाविद्यालय कुरूद के विभागाध्यक्ष डॉ. हितनारायण टंडन, अजय मंडावी एवं आरके साइंस सेंटर गोंदिया की डॉ रश्मि वर्मा ने प्रदान किया। सुश्री देवांगन विश्व जागृति मिशन के प्रधान नोहरू राम देवांगन की पुत्री है।

## रूपाली बनीं राजनीतिक परिषद की अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा गत दिनों परिषद का गठन किया गया। गठन के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जमुलकर ने कहा कि संगठन में रहकर कार्य करने से व्यक्तित्व का विकास होता है। परिषद की कार्यकारिणी में अध्यक्ष रुपाली नेताम, उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर, सचिव स्वाति विश्वकर्मा, सह सचिव गीता वर्मा, कोषाध्यक्ष कुमुद निषाद, ग्रंथालय प्रभारी मोमिन साहू, त्रेता सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य हिमांशी राजपूत, लेखराम, अमन कुमार हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका अनिमा मिंज ने किया।

## जयंती समारोह 22 को, तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अग्रकुल प्रर्वतक भगवान अग्रसेन की 5149 वी जयंती आगामी 22 सितम्बर को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी।

इसी दिन माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर में ज्योति कलश स्थापना के साथ नवरात्र पर्व शुरू होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सचिव महेंद्र अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मयूर भुत ने बताया कि 5 दिनों तक चलने वाले जयंती महोत्सव को लेकर अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आगामी 18 सितंबर को शाम 4 बजे मारवाड़ी धर्मशाला में ध्वजारोहण, दीप प्रज्जवलन के साथ अग्रसेन महोत्सव का शुभारंभ होगा।



मुख्य अतिथि मधुसूदन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता श्याम सुन्दर नरेडी करेंगे। विशिष्ट अथिति अभिषेक अग्रवाल होंगे। मुख्य समारोह आगामी 22 सितंबर को होगा जिसमें मुख्य अतिथि रायपुर के समाजसेवी अमित खेमका होंगे। अध्यक्षता राजनांदगाव के संतोष अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे रायपुर के समाजसेवी राधा वल्ल्भ मौजूद रहेंगे।

अग्रवाल महिला मंडल क्री अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सौरभ पचेरीवाला ने बताया कि 5 दिन चलने वाले महोत्सव में बच्चों, बालिकाओं, महिलाओ और नवयुवकों के लिए खेलकूद, मनोरंजन, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होगी। अंतित दिन अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने महिला मंडल, नवयुवक मंडल, बालिका मंडल के साथ नवदीप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राकेश भुत, पूनम बिंदल, प्रणय अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, अमन अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, चिंटू नरेडी, सावन अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, रिंकू बंसल, राजा बंसल, गोवर्धन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल सहित अन्य सभी जुटे हैं।

## विद्युत कटौती से परेशान नागरिकों ने दी दफ्तर घेराव की चेतावनी



**डोंगरगांव।** नगर के मटिया वार्ड में आए दिन बिजली की आंख मिचौली होने से जनाक्रोश निर्मित होने लगा। इसे लेकर वार्ड के प्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर लो वोल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। उन्होंने व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर घेराव करने की चेतावनी दी है। पार्षद पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि कुछ माह से अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की शिकायत बनी हुई है। अनेक बार विभाग को व्यवस्था सुधारने कहा गया है। साकेतधाम शिविर में जेई पिस्दा को आवेदन देकर व्यवस्था दुरुस्त करने कहा गया था किन्तु विभाग द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाया जा रहा है। पार्षद पुरुषोत्तम साहू, पुसउ पटेल, कृष्णकुमार शर्मा, टीकम पटेल, तोरण साहू, नूतन साहू, मोहन यादव सहित अन्य ने ज्ञापन सौंपते हुए व्यवस्था सुधारकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। प्रतिनिधियों ने एक सप्ताह में सकारात्मक कदम नही उठाने पर विभाग का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### सीएमओ से मिले प्रतिनिधि

पार्षद सहित जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ से मुलाकात कर जेवरतला सड़क चौड़ीकरण दौरान एडीबी द्वारा तोड़े गए दीनदयाल उपाध्याय प्रवेश द्वार की क्षतिपूर्ति राशि से महिला भवन में गेट निर्माण की मांग की है। वहीं ठाकुरदेव मंदिर के आरक्षित भूमि पर अज्ञात द्वारा तार फेंसिंग करते हुए पटाव करने की शिकायत की गई।

## एलबी नगर में मेगा स्वास्थ्य शिविर 20 को, सेवा पखवाड़ा में होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला बैठक यहां आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख शामिल हुए। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत बूथ स्तर तक होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने पखवाड़े के दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण, रक्तदान, शिक्षा और जनजागरूकता कार्यक्रम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के जिला सह संयोजक जैन कुमार मेश्राम ने कहा कि

सेवा का भाव ही जीवन का आधार है। मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 15 दिनों तक चलेगा जिसमें सभी सहभागिता निभाएं। महामंत्री हेमलाल वर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आगामी 20 सितंबर को लाल बहादुर नगर में मेगा स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित हो रहा है। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष किरण साहु, नपं अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, जिपं सभापति अनिता मंडावी, नपं उपाध्यक्ष छबीधर साहु, गिरवर साहु, कैलाश ऊके, रामाधीन देवांगन, उपकारसिंह बघेल, चंद्रप्रकाश देशमुख, वर्षा गेड़ाम, गोदावरी निषाद, राजेश जैन, राजकुमार तिवारी, शत्रुहन वर्मा, राजकुमार ताम्रकार, पुष्पा सिन्हा, राजेश देवांगन, रमेश यादव, मृगलाल साहु, टिकेश्वर साहु, रामजी साहू, योगेश साहु, निकीता ताम्रकार, ढालचंद मेश्राम, हनस पटेल, रेवाराम सिन्हा, हनुमान साहु, जसबीरसिंह चौहान, देवेन्द्र यादव, संदीप सिन्हा, अरविंद नंदेश्वर, लोचन वर्मा, शिव बल्हारे, पारस राजपूत, खेदू साहू, लक्ष्मीनाथ रजक, पुनऊ यादव, टाकेश्वर कंवर, खुलासराम, रमेश वर्मा, अनिल यादव, गोविंद कतलाम, कलेश्वर साहु, शालिक सिन्हा, भुवन, जमुना आदि उपस्थित थे।

- सभी कार्यकर्ताओं से सेवा पखवाड़ा में शामिल होने का आह्वान



## पुलिस प्रशासन की नशा के खिलाफ नई पहल

# सौदागरों ने लिखा नशे के खिलाफ निबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बढ़ती नशाखोरी और नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस नवाचार के माध्यम से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में एएसपी नितेश कुमार गौतम ने गंडई थाना पहुंच कर नामजद नशा के कारोबारियों, नशेड़ियों, ठेला संचालको सहित 50 लोगों को थाना बुलाया। सभी को पेन और कागज देकर नशा के दुष्परिणाम पर निबंध लिखने कहा गया। उन्हें बारी बारी अपने निबंध को पढ़कर सुनाने हा गया। नशे के दुष्परिणाम पर निबंध लिखवाने का उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता लाना था। एएसपी श्री गौतम ने बताया कि नशे के खिलाफ निबंध लेखन का अभियान लगातार जारी रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी करने वाले सहित अन्य को थाना लाकर चेतावनी दी जा रही है कि वह इस प्रकार की असमाजिक हरकतें न करें। यह लोग नहीं सुधरते है तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



### पुलिस का प्रयास सराहनीय

मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ नवाचार करते हुए जागरूकता लाने का जो प्रयास कर रही है वह सराहनीय है। नगर के बच्चे मोबाइल पर फ्री फायर खेलते है, जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है।

### घातक है फ्री फायर गेम

उल्लेखनीय है कि पान ठेलों में आसानी से मिलने वाले जर्दा युक्त गुटखे, गली मोहल्ले में बिकने वाली शराब और गांजा से बच्चे, वयस्क और अधेड़ बर्बाद हो रहे हैं। वही दूसरी तरफ हर घर मे उपलब्ध मोबाइल और उसमें डॉउनलोड किए जा रहे फ्री फायर गेम से बच्चे बर्बाद हो रहे है। गली मोहल्लों सहित सार्वजनिक स्थानों पर ग्रुप बनाकर फ्री फायर गेम खेलते हुए बच्चों को देखा जा सकता है।

## एनसीसी, एनएसएस ने किया नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर नेहरू महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने 11 सितंबर को रैली का आयोजन किया।

रैली पुराने भवन से प्रारंभ होकर भगतसिंह चौक, गोल बाजार, महावीर पारा होते हुए छोटी बम्लेश्वरी मंदिर पहुंची। यहां तीन नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से छत्तीसगढ़ के भूत, वर्तमान एवं भविष्य की झलक प्रस्तुत की गई। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खानपान और रहन-सहन को भी दर्शाया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक आशा चैधरी, डॉ एमएल नंदेश्वर, गुलशन सिन्हा, एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदानी सहित अन्य

## क्वांर नवरात्रि पर्व 22 से, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

आगामी 22 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर मां नर्मदा धर्मार्थ सेवा समिति की बैठक गुरूवार को मंदिर परिसर में आहुत किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न सदस्यों के प्रस्ताव पर विचार कर मंदिर विकास की पहल करना तय किया गया। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा, जोत स्थापना, धार्मिक कार्यक्रम सहित अन्य विषय पर प्रस्ताव तैयार किया गया। बैठक में मंदिर के संरक्षक लाल तारकेश्वर शाह खुशरो, मोतीलाल जंघेल, बिसाहू राम सिन्हा, गैंदूराम जंघेल, चन्द्रभान वैष्णव, दामोदर वैष्णव, चंदनलाल दशरिया, विनय प्रसाद कोसरिया, लालचंद पटेल, कैलाश वर्मा, सीताराम यादव, गजानंद सिन्हा, रमेश जंघेल, विशम्भर पटेल, गोवर्धन सिन्हा, गीताराम जंघेल, गुलशन जंघेल, सौरभ सिन्हा, प्रदीप कुमार, अनिल वर्मा, कोमल दुबे आदि शामिल हुए।



### घट स्थापना 22 को

नर्मदा मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। आगामी 22 सितम्बर को गोधुली बेला में घट स्थापना होगा। आगामी 26 को पंचमी तथा 30 सितम्बर को महाष्टमी मनाया जाएगा। आगामी एक अक्टूबर को पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा निकाल कर ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा।

## सार समाचार

### हर्षोल्लास से मना गणेशोत्सव महापर्व



**राजनांदगांव।** बाल रत्न मंच सेवा समिति का 32वां गणेशोत्सव महापर्व हर्षोल्लास और एकता के साथ संपन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भगवान गणपति की आरती उतारी एवं चाय-बिस्किट प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक खूबचंद पारख, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, महापौर मधुसूदन यादव, समाजसेवी सुनील अग्रवाल, पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने पंडाल पहुंचकर भगवान गणपति के दर्शन कर महाप्रसाद वितरण में सहभागिता निभाई। उक्त जानकारी बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेश उत्सव के प्रचार प्रमुख महेश शर्मा ने दी।

### पूर्व महापौर डाकलिया का सम्मान



**राजनांदगांव।** समाजसेवी संस्था उदयाचल ने गुरुवार को पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का सम्मान किया। श्री डाकलिया राजनीति के अलावा अन्य क्षेत्रों में योगदान देने आगे रहते हैं। खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गातिविधियों में उनकी भूमिका सर्वविदित है। लिहाजा उनके सामाजिक उत्तरदायित्व को दृष्टिगत रखते उदयाचल संस्थान ने उनका सम्मान किया। पूर्व महापौर डाकलिया धार्मिक आयोजन से लेकर शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी परस्पर सहयोग की भावना रखते हैं। ऐसे में उनकी भूमिका हर क्षेत्र में नजर आती है। डाकलिया के सम्मान अवसर पर पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, अशोक मोदी, उदयाचल के अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना, धनराज सोनी एवं संस्था के अन्य लोग उपस्थित थे।

### आवश्यक वस्तुओं के दामों में आएगी कमी : राजेश



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य व जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में जीएसटी में किए गए बदलाव की तारीफ करते कहा कि पूर्व के 4 स्लैब की जगह जीएसटी में मात्र दो स्लैब 5 और 18 रखे जाने से आवश्यक वस्तुओं के दामों में जहां कमी आएगी। वहीं व्यापार व्यवसाय, उद्योग को भी नई गति मिलेगी। देश के विकास दर में इससे पंख लगना निश्चित है। उन्होंने कहा कि जीएसटी के नए प्रावधान से देश की अर्थव्यवस्था आसमान की उड़ान पर रहेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी में बदलाव आमजन को खुशहाल करेगा। इसके साथ ही एक राष्ट्र एक टैक्स की भावना भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को पुष्ट करेगा।

### युगांतर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में हुआ। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थियों को अपने स्वतंत्र विकास के लिए चुनौतियों का सामना करना आना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में नैतिक शिक्षा से जुड़ी प्रभावी कहानी सुनाई। सुशील कोठारी ने कहा कि शिक्षक का स्वरूप बहुत विराट है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने का कार्य नहीं करता, बल्कि वह विद्यार्थियों को अच्छा कार्य करने प्रेरित करता है। बारहवीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों व नृत्यों ने सबका मन मोह लिया। समारोह में संस्था के प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों का उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया।

### दिग्विजय कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर दिग्विजय स्वशासी पीजी महाविद्यालय में वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का विषय "छत्तीसगढ़ @50 एवं विकसित छत्तीसगढ़ @ 2047 : विकास एवं अवसर " में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन व विशिष्ट अतिथि शासकीय दिग्विजय कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा शामिल रहे। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में छत्तीसगढ़ राज्य के प्राकृतिक संपदाओं की अहम भूमिका होगी। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के निर्माण से लेकर आज तक के छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा पर बहुत ही विस्तृत एवं सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यशाला में डॉ. श्रीमती के. पद्मावती ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा 2047 विकास एवं अवसर पर अपनी वक्तव्य प्रस्तुत किया। विषय विशेषज्ञ डॉ. एचपीएस सलूजा द्वारा चार स्तंभ युवा, गरीब, महिलाएं एवं अन्नदाता पर विस्तार रूप से अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. एसके ऊके ने अपने उद्बोधन में विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रो. एचसी जैन ने भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन सुमन कोचर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मीना प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यशाला में डॉ. अनीता महेश्वर, डॉ. सोनल मिश्रा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. सूरज पटेल, पूजा कुमारी, स्वयंसिद्धा झा, तरुणा वर्मा, डॉ. देहूति बंछोर, डॉ. खेमारानी दुबे, डॉ. दिनेश प्रसाद एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन कल

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा जिले के खिलाड़ियों को खेलों के प्रति जागरूक करने एवं नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 14 सितंबर सुबह 8 बजे से बाबा फतेह सिंह हॉल में आयोजित होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष भारत अग्रवाल, सचिव संजय लालवानी, कोषाध्यक्ष रणदीप सिंह भाटिया ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को मात्र 100 रुपए का प्रवेश शुल्क देना होगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह टूर्नामेंट जिले के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए खुला रहेगा। विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। टेबल टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना तथा जिले की प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहन देना है।

## मोहारा रोड में खुलेआम शराबखोरी, स्वच्छता मुहिम की खुली पोल

# फ्लाईओवर के नीचे अघोषित आहता सुबह से रात तक शराबियों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी कहलाने वाले राजनांदगांव के मोहारा फ्लाई ओवर के नीचे खुलेआम शराब सेवन से आमजन परेशान हैं। रोज जमावड़ा लगाकर यहां शराब पीते दिखाई देते हैं। इसके अलावा यहां ठेला-खोमचा सहित अन्य दुकानों में आसानी से शराब भी मिल रही है। फ्लाई ओवर के नीचे अघोषित आहता बन गया है। हद तो तब है, जब यहां शराबखोरी करवाने के बाद दुकान और मदिराप्रेमी जमकर गंदगी फैला रहे हैं।

बायापास बनने के बाद मोहारा रोड में यह व्यस्तम चौराहा बन गया है। यहां हमेशा आवाजाही बनी रहती है, लेकिन खुलेआम शराबखोरी के चलते माहौल खराब रहता है, इस वजह से यहां गुजरने के लिए महिलाएं कतराती हैं। शाम के बाद तो माहौल और भी खराब हो जाता है। राहगीरों का कहना है कि शराब सेवन की वजह से फ्लाई ओवर के नीचे पानी पाउच, डिस्पोजल और शराब की बोतलों के कांच के टुकड़े बिखरे रहते हैं। इससे न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि बदबू और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी माहौल को खराब करता है।



### पहले हुई थी कार्रवाई

यहां फैली गंदगी स्वच्छता अभियान को चिढ़ाते नजर आती है। इससे नगर निगम की लापरवाही भी उजागर हो रहा है। बता दें कि कुछ समय पहले नगर निगम की ओर से यहां अवैध ठेला-खोमचा लगाने वालों पर कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा उन्हें कचरा नहीं फैलाने की भी समझाइश दिया गया था।

### अधिकारी उड़ा रहे धज्जियां

स्वच्छता के जन अभियान की अगुवाई करते प्रधानमंत्री ने जनता को महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण वाले भारत के निर्माण के सपने को साकार करने प्रेरित किया। नरेन्द्र मोदी ने स्वयं स्वच्छता अभियान को शुरू किया। धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान को पूरे राष्ट्र के लिए एक जन-आंदोलन का रूप दिया और कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। उन्होंने न गंदगी करेंगे, न करने देंगे। का मंत्र भी दिया। नरेन्द्र मोदी ने नौ लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने भी आमंत्रित किया और उनमें से हर एक से यह अनुरोध किया वो अन्य नौ लोगों को इस पहल में शामिल होने प्रेरित करें। लोगों को इस अभियान में शामिल होने का आह्वान करके स्वच्छता अभियान एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है।

### अवैध रूप से शराब की बिक्री

स्थानीय लोगों का कहना है कि संस्कारधानी कहलाने वाले शहर और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में शहर के प्रवेश में ही फ्लाई ओवर के नीचे का ऐसा माहौल समाज को गलत संदेश देता है। राहगीरों और नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फ्लाई ओवर के नीचे अवैध शराब बिक्री और दुकानों में सेवन पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा यहां फैली गंदगी को भी साफ कराई जाए। इससे क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बन सकेगा।

### छात्रों ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया




**राजनांदगांव।** रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेड़ेसरा राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. अरूणा पी. मसीह तथा कमलकिशोर देशमुख उप प्राचार्य के निर्देश एवं मार्गदशन में मेंटल हेल्थ नर्सिंग के सभी शिक्षकगण तथा बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम टेड़ेसरा में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य लोगों में (15 से 29 वर्ष) की आयु में आत्महत्या की बढ़ती समस्या के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से जीने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष का थीम था, "एक आशा का निर्माण करें छात्र-छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के लोगों की भावनाओं को समझे, उनकी बातों को सुने और जरूरत पड़ने पर सहयोग व परामर्श उपलब्ध कराए। साथ ही महाविद्यालयीन स्तर पर पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचार प्रस्तुत करने की प्रेरणा दी गई।

## आदिवासियों के अधिकार के लिए राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 13 सितंबर को विश्व आदिवासी अधिकार दिवस घोषित होने के बाद आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए सर्व आदिवासी समाज द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है। अपने ज्ञापन में सर्व आदिवासी समाज द्वारा 15 बिंदुओं की मांग रखी गई है।

आदिवासी हितों की मांग करते सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से अपनी 15 सूत्रीय मांगे रखी। इन मांगों में आदिवासी समाज ने जल, जंगल, जमीन को बचाने और आदिवासियों को उनका अधिकार देने की मांग की है। आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावडे ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति, संविधान सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई 2025 को भूमि अधिसूचना संशोधन किया गया है, वह आदिवासी समाज की पीड़ा का बड़ा कारण है।

### जातिय कालम, आरक्षण सहित 15 मांगे

अपनी 15 सूत्रीय मांगों के तहत सौंपे गए ज्ञापन में आदिवासी समाज ने पेसा कानून, बैकलॉग में भर्ती, राष्ट्रीय वन संरक्षण अधिनियम 2024 को रद्द करने, 32 प्रतिशत आदिवासी आरक्षण लागू करने, पांचवी अनुसूची क्षेत्र में स्थानीय लोगों की भर्ती लागू करने, सलवा जुडूम में उजड़े गांव को बसाने कमेटी गठित करने, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट को आदिवासी समाज को सौंपने, जातिय जनगणना में अन्य धर्म के साथ आदिवासी धर्म का कालम जोड़ने सहित अन्य मांगे रखी है।

### प्रदेश बंद करने की चेतावनी

अपनी मांगों को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने नारेबाजी करते तत्काल सभी मांगों को पूरा करने कहा है। वहीं मांगे पूरी नहीं होने पर एक महीने का अल्टीमेटम ज्ञापन के माध्यम से दिया है। आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो एक माह बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश बंद किया जाएगा।

## बयान दर्ज करने टीम पहुंची धोधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत धोधा में प्रधानमंत्री फसल बीमा के नाम पर किसानों के साथ हुए धोखा के मामले पर छूटे किसानों का बयान जांच टीम ने दोबारा पहुंचकर दर्ज किया। किसान लक्ष्मण लोधी, परमानंद लोधी निवासी धोधा, मानसिंग राजपूत निवासी कालेगोंदी सहित अन्य का बयान लिया गया। जानकारी अनुसार उक्त किसानों ने जांच टीम को अपने बयान में बताया कि उनकी जमीन का फसल बीमा हमारी जानकारी के बिना ग्राम के देवेंद्र लोधी के नाम पर कर दिया गया था। जांच टीम ने बताया कि सूचना देने के बाद भी सरपंच, संतोष सिंह भुवाल एवं खेमिन जांच कार्यवाही में नहीं आए।

### यह है पूरा मामला

ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक के साथ मिलकर जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री फसल बीमा में हुए हेरफेर की शिकायत पूर्व में किया था। शिकायत के बाद जांच टीम ने गांव पहुंचकर अलग-अलग बिंदुओं पर बयान लिया। किसानों ने जांच टीम को बताया कि उनकी जानकारी के बिना फसल बीमा किया गया। लाभ उन लोगों को दिया गया, जो इसके हकदार नहीं थे। बता दे कि पूरा मामला भारतीय कृषि बीमा कंपनी के गांव में रहने वाले एजेंट सुनील कुमार सहित अन्य एजेंटों से संबंधित है। चना और गेहूं की फसल का बीमा उन किसानों के नाम पर नाम पर किया गया, जिनके पास वह जमीन नहीं थी।



### ग्रामीण जांच से असंतुष्ट

उपस्थित ग्रामीणों ने जांच में आई टीम को पुनः आवेदन देते हुए बताया कि जांच में आरोपियों का बयान मामले को उलझाने वाला है। जमीन को अधिया लेना बताना भी भ्रामक है। भूमि स्वामी परिवारिक संबंध के चलते आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहे है। खेतों को अधिया या किराए पर लिया गया था तो प्रमाणित दस्तावेज, बीमा के दस्तावेज में सम्मलित होना था। दस्तावेज का नहीं होना प्रमाणित करता है कि कूट रचना कर यह कृत्य किया गया है जबकि आरोपी अनीश गौतम और उसकी पत्नी स्वयं की जमीन को अधिया में देते है। भूमिका ठाकुर के नाम की जमीन को स्वयं बीमा नही कराना बल्कि दूसरे जमीन के भूस्वामी की जमीन का बीमा कराना यह साबित करता है कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत बीमा किया गया है।

### बयान दर्ज किया गया

छूटे हुए किसानों का बयान लिया गया है। ग्रामीणों ने पुनः आवेदन दिया है। कुछ लोगों का बयान लेना अभी भी बाकी है। - **वीरेंद्र डहरिया,** अनुविभागीय अधिकारी

### लावण्या प्रभा सिंह को मिला शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान



**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शंकरपुर की प्रधानाचार्य लावण्या प्रभा सिंह को 12 सितंबर को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया है। बीआईटी दुर्ग में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। सरकारी स्कूल में बच्चों की शिक्षा को लेकर लावण्या सदैव ही समर्पित एवं अनुशासित रही है। अपने लगभग 40 वर्षों के शिक्षण अनुभव में उन्होंने हजारों बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ जीवन में संस्कारों का महत्व बताया। गरीब बच्चों के प्राथमिक शिक्षा में लावण्या की हमेशा से रूचि रही। लावण्या ने स्लम एरिया के बच्चों का स्कूल में भर्ती करवाने एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने में विशेष परिश्रम किया। शिक्षा के प्रति उनकी गंभीरता का ही परिणाम है कि आज उनके 2 बच्चे डॉक्टर हैं। पुत्र डॉ. धनंजय सिंह ठाकुर चाइल्ड स्पेशलिस्ट और बिटिया डॉ. पूनम सिंह एनेस्थीसियोलॉजिस्ट और ज्येष्ठ पुत्र जनार्दन सिंह सरकारी सीएसईबी में इंजीनियर है। लावण्या ने स्वयं भी 3 विषयों में मास्टर्स किया है। लावण्या राजनांदगांव से शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान पाने वाली इस वर्ष अकेली शिक्षिका है। लावण्या पति विजय नारायण ठाकुर एवं संपूर्ण परिवार ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

### स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आज

**डोंगरगांव।** राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर स्वास्थ्य विभाग ने 13 सितंबर को स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन रखा है। सदर लाईन स्थित जैन भवन में आयोजित होने वाले शिविर में मनोरोग विशेषज्ञ डा बीके बेनर्जी, अस्थिरोग विशेषज्ञ डा अनिल महाकालकर आदि विशेषज्ञ रहेंगे।

## एईआरबी प्रमाण पत्र के बिना सीटी स्कैन संचालन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लंबे इंतजार के बाद इस साल जून महीने में आई सीटी स्कैन मशीन पहले दिन से ही सवालों में घिरी हुई है, जहां अपनी लगभग 12 करोड़ रुपए की कीमत को लेकर इस मशीन की खरीदी पर सवाल उठे थे। वहीं अब कांग्रेस ने बिना एईआरबी प्रमाण पत्र के इस मशीन के संचालन पर सवाल खड़े किए हैं। इसको लेकर एक ज्ञापन भी विस अध्यक्ष को सौंपा गया है। मेडिकल कॉलेज में 6 सितंबर को सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की उपस्थिति में किया गया। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा सीटी स्कैन मशीन संचालन बिना परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड प्रमाण पत्र के बिना ही मशीन उद्घाटन कर चालू करने वालों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे, प्रदेश कांग्रेस माइनारिटी सेल के सचिव अनीश खान, शहर कांग्रेस महामंत्री नरेश शर्मा, आईटी सेल के शहर अध्यक्ष मयंक सोनी, अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने एक ज्ञापन डॉ. रमन सिंह के कार्यालय में सौंपकर अपराध दर्ज कराने की कार्रवाई की मांग की है।



### कीमत पर उठे थे सवाल

ज्ञात हो कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सप्लाई लगभग 12 करोड़ रुपए में की गई है। ऐसा दावा किया गया कि प्रदेश की यह सबसे एडवांस सीटी स्कैन मशीन है। जबकि इसकी कीमत को लेकर भी सवाल उठाए जा चुके हैं। बाजार में इस मशीन की कीमत से दो गुने दाम में सप्लाई के आरोप लगाए गए हैं।

### प्रावधानों की अनदेखी

प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने बताया कि सीटी स्कैन सुविधा प्रारंभ करने के नाम पर अनिवार्य प्रावधानों की अनदेखी किया गया है। सीटी स्कैन संचालन के लिए परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड से एक प्रमाण पत्र की आवश्यकता अनिवार्य है, ताकि रेडिएशन जो मानव जीवन शरीर के लिए हानिकारक है, से बचा जा सके। एईआरबी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर उनके द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन करने के पश्चात यह प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिससे मरीज को तकनीशियनों, कर्मचारियों के साथ-साथ पर्यावरण को भी क्षति ना पहुंचे, किंतु लोकार्पण की हड़बड़ी में डॉ. रमन सिंह, विभागीय मंत्री को गुमराह करते मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बिना एईआरबी प्रमाण पत्र प्राप्त किए सीटी स्कैन संचालन प्रारंभ कर दिए हैं, जो परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 की धारा 17 एवं 24 के तहत आपराधिक कृत्य है। जिसमें 5 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

## मिश्र को दी पुष्पांजलि



**राजनांदगांव।** कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव, नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र की 127वीं जयंती त्रिवेणी परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव ने साहित्य मनीषी डॉ. मिश्र की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया गया। आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, प्रो. डॉ. शंकरमुनि राय, कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा सहित गणमान्य नागरिकगण संजय श्रीवास्तव, पार्षद राजा माखीजा, पार्षद संतोष पिल्ले, अखिलेश तिवारी, डीसी जैन, प्रो. आरपी दीक्षित, अजय शुक्ला, कृष्णकांत तिवारी, वीडी तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, सुशील तिवारी, विवेक शुक्ला, जगदीश प्रसाद मिश्रा, संजीव मिश्रा, राकेश मिश्रा, भूपेंद्र बाजपेई, मनीष मिश्रा, शिवम शुक्ला, धीरज द्विवेदी, अखिलेश मिश्रा, दुर्गेश त्रिवेदी, प्रकाश वाधवानी एवं वार्डवासीगण सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने महापौर मधुसूदन यादव से जनहित में प्रतिमाओं के ऊपर यथाशीघ्र छत निर्माण एवं परिसर के सौंदर्यीकरण सहित त्रिवेणी परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने की मांग की।






## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केन्द्र से 6000 क्विंटल धान गायब, मामला दर्ज

**कवर्धा।** जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोदवागोडान धान उपार्जन केंद्र से 6,000 क्विंटल धान गायब होने का मामला सामने आया है। लापता धान की अनुमानित कीमत करीब 1.39 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस घोटाले को लेकर कुकदूर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है, हालांकि आरोपी अब तक फरार है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है, जो देश में सबसे ऊँचा समर्थन मूल्य है। किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ तक की खरीदी की सुविधा मिल रही है। इस वजह से राज्य देशभर में धान खरीदी में अग्रणी राज्य बना हुआ है। इतने बड़े पैमाने पर धान का गायब होना खरीदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस और प्रशासन ने जांच तेज कर दी है।

### एससीव्हीटी परीक्षा माह सितम्बर-अक्टूबर में

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के अधीन संचालित विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के इंजीनियरिंग एवं नान-इंजीनियरिंग व्यवसायों के राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) एवं हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा माह-सितम्बर अक्टूबर 2025 (नई प्रणाली एवं पुरानी प्रणाली) 25 सितंबर से प्रारंभ होकर 06 अक्टूबर 2025 तक होगी। प्रशिक्षणार्थी अधिक जानकारी अपने संबंधित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, हायर सेकेण्डरी स्कूल सें प्राप्त कर सकते है।

### समिति की बैठक 18 सितंबर को

**कवर्धा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 18 सितंबर को आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक दोपहर 02 बजे से तथा सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

# कवर्धा नगर में बनेगी दिल्ली और रायपुर की तर्ज पर बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी

■ उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से नालंदा लाइब्रेरी 4 करोड़ 37 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासो से कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए शिक्षा और ज्ञान के एक और नए द्वार खुल रहे हैं। कवर्धा में अब युवाओं की बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी का सपना अब साकार होने जा रहा है। दिल्ली और रायपुर की तर्ज पर बनने वाली यह आधुनिक लाइब्रेरी जिले के छात्रों और युवाओं को ज्ञान एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नया मंच मिलने जा रही है। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से राज्य शासन ने लाइब्रेरी, कैफिटेरिया एवं अन्य निर्माण के लिए 4 करोड़ 37 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा के छीरपानी कालोनी स्थित जिला परिवहन कार्यालय के समीप प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने वहां मौजूद पुराने और जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल करने की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। इस भवन में वर्तमान में आबकारी विभाग का कंट्रोल रूम संचालित हो रहा है, जिसे अन्यत्र स्थानांतरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण लगभग डेढ़ एकड़ शासकीय भूखंड पर किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नालंदा लाइब्रेरी की मॉडल भी देखी। यह तीन मंजिला भवन होगा, जिसमें 200 सीटर वातानुकूलित हॉल तैयार किया जाएगा। यहां राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को निःशुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी कवर्धा सहित पूरे जिले के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी शिक्षा का केंद्र बनेगी। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने शहर को सुंदर, सुव्यवस्थित और विकसित बनाने की दिशा में अनेक कार्य किए हैं। नालंदा लाइब्रेरी जिले के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ देगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही इसका भूमिपूजन स्वयं उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा द्वारा किया जाएगा।

### शिक्षा क्षेत्र में मिल रही नई सौगातें



कबीरधाम जिले में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई सौगातें मिल रही हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भोरमदेव शिक्षा पीठ कोचिंग संस्थान संचालित किया जा रहा है। इसे दिल्ली एकेडमी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जिले के युवा पीएससी, व्यापमं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस संस्थान से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिल रहा है। नालंदा लाइब्रेरी और भोरमदेव शिक्षा पीठ मिलकर कवर्धा को शैक्षणिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की दिशा में नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। यहां अध्ययनरत युवा अब बड़े शहरों की ओर पलायन किए बिना उच्च स्तरीय तैयारी अपने ही जिले में कर सकेंगे।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, कवर्धा एसडीएम चेतन साहू, तहसीलदार परमेश्वर मण्डवी एवं सीएमओ उपस्थित थे।

### मूर्तिकार से लेकर मंदिर तथा दुर्गोत्सव समितियां व्यस्त

# शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियों में शिद्दत से जुटी धर्म नगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देवी मंदिरों के गढ़ धर्मनगरी कवर्धा में शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। आगामी 22 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए स्थानीय तथा बाहर से आए मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमाओं के निर्माण से फुर्सत होने के बाद अब मिट्टी को देवी का रूप देने में पूरी शिद्दत से जुटे है। हाल ही में गणेश प्रतिमाओं के निर्माण से फुर्सत हुए नगर में कई मूर्तिकार अपने पूरे परिवार के साथ देवी दुर्गा, मां काली के अलावा दुर्गोत्सव समितियों के आर्डर के अनुसार मूर्ति बनाने में दिन-रात जुटे हुए है।

नगर के मूर्तिकारों ने बताया कि प्रतिमाओं को आकार दिया चुका है और फिनिसिंग की जा रही है। अगले चरण में कलर और सिंगार आदि किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें कवर्धा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में आर्डर मिले है।

जिसके हिसाब से वे विभिन्न रंग, रूप की प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि फिलहाल मौसम मूर्ति निर्माण के अनुकूल नहीं जिसके चलते कार्य कुछ बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया की मूर्तियां जल्दी नहीं सूख पा रही हैं। मूर्तिकारों ने उम्मीद जताई है कि अगर मौसम जल्दी साफ हो गया तो नवरात पर्व के पूर्व ही समी आर्डर पूरे कर लिए जायेंगे।



### धूमधाम से मनाया जायेगा दुर्गोत्सव पर्व

वहीं पर्व को पूरी श्रद्धाभक्ति से मनाने नगर के दर्जनों छोटी-बड़ी दुर्गोत्सव समीतियों ने भी अपनी-अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। दुर्गोत्सव समितियों ने समिति के सदस्यों की बैठक लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने पण्डाल आदि निर्माण कार्य की रूप रेखा तय कर ली है। यहां बताना लाजिमी होगा की नगर में मुख्य रूप से ठाकुर पारा, राजमहल चौक, यूनियन चौक, दर्रीपारा, रायपुर नाका, कलेक्टोरेट कॉलोनी, राधाकृष्ण वार्ड सहित अन्य स्थानों में मां दुर्गा की भव्य एक मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। मूर्तिकारों की लगन और मंदिर व दुर्गोत्सव समितियों की तैयारियों को देखकर कहा जा सकता है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष में कवर्धा नगर में नवरात्र पर्व की धूम रहेगी।

### मंदिरों व शक्तिपीठों में भी तैयारियां तेज

नवरात्र पर्व के आगमन को देखते हुए स्थानीय मां विंध्वासनी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां काली मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोषी माता मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर तथा मां दंतेश्वरी मंदिर के समिति प्रबंधकों ने भी मंदिरों की साफ-सफाई तथा रंग-रोगन का कार्य प्रारंभ कर दिया है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि ज्योति कलश स्थापना के लिए कक्ष को तैयार किया जा रहा है तथा पूरे मंदिर व मंदिर प्रारंण की विशेष साफ-सफाई तथा रंगरोगन कर आकर्षक बनाया जा रहा है। गत वर्ष स्थापित ज्योति कलश की संख्या को देखते हुए कुम्हारों को कलश तैयार करने आर्डर भी दिए जा चुके है। साथ ही समितियो की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार घृत ज्योति कलश के लिए राशि तय कर दी गई है। मंदिर समिति द्वारा निर्धारित शुल्क पर ज्योतिकलश की रसीद काटना जल्द ही प्रारंभ कर दिया जायेगा।

# बोड़ला महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों में ज्ञान, जागरूकता और सृजनशीलता को प्रोत्साहित किया गया। इस तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत एल्यूमनी मीट से हुई, जिसमें भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में बिताए गए पलों को स्मरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंद्रवंशी उपस्थित थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सनत देवांगन ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहन धुर्वे भाजपा मंडल अध्यक्ष, काशीराम उइके पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, ओमप्रकाश मानिकपुरी एवं आशु चंद्रवंशी भूतपूर्व छात्र उपस्थित थे। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन स्थलों एवं विकास योजनाओं पर विद्यार्थियों द्वारा सेमिनार प्रस्तुत किया गया। पर्यटन, आदिवासी संस्कृति, इको-टूरिज्म और राज्य की उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में सुमन चंद्रवंशी ने प्रथम, राधिका साहू ने द्वितीय एवं प्रीति हठीले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार आयोजन के दूसरे व तीसरे दिन भी अतिथियों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# ग्राम बिरकोना में किया विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के समुचित विकास एवं क्षेत्रवासियों की मांग व समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए तत्पर क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधायक निधि से ग्राम बिरकोना में सरस्वती शिशु मंदिर के पास भवन व रोड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं जाति प्राधिकरण मद से 5 लाख रुपए की राशि सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। जानकारी के मुताबिक इन स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यो को मूर्त रूप देने शुक्रवार को जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने बकायदा भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के सहयोग से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा क्षेत्र का लगातार विकास कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों की मांग व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार निर्माण एवं विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम बिरकोना में भवन सह रोड तथा सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। जिसकी आज विधिवत नींव रखी गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत बिरकोना के सरपंच मनोज साहू, हाई स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुखचैन चंद्रवंशी, श्याम चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, उपसरपंच श्रीमती जोशी, ग्राम पच लक्ष्मण साहू, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सहित स्कूली बच्चे व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### स्काउटिंग के बेसिक शिविर में जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स हुए शामिल

**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड केप्टिन, रोवर स्काउट लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गत दिनो शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र संस्था जमकोर जिला मुंगेली में किया गया। बेसिक स्काउट मास्टर विंग के शिविर संचालक विजय यादव राज्य संगठन आयुक्त स्काउट बिलासपुर, बेसिक गाइड केप्टिन विंग के शिविर संचालक जेरमिना एक्का एमसीबी, एलटी गाइड, बेसिक रोवर स्काउट लीडर विंग के शिविर संचालक मयूख श्रीवास्तव डीओसी राजनांदगाव थे। साथ ही सहायक शिविर संचालक का विशेष सहयोग रहा। जिसमे रोवर विंग में कबीरधाम जिला से विजय कुमार साहू एचडब्लूबी रोवर लीडर, गाइड विंग में बिलासपुर से माधुरी यादव, स्काउट विंग में मुंगेली से जय बहादुर सिंह खांडेकर डीटीसी स्काउट, दिनेश कुमार साहू डीटीसी स्काउट शामिल थे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा समाज सेवा की भावना का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग के नियम, कौशल, अनुशासन, दल भावना और जीवन कौशल से परिचित कराया गया। प्रशिक्षण न केवल विद्यार्थियों में सेवा और सहयोग की भावना जागृत करेगा बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। उससे पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित होना अत्यंत जरूरी है! प्रशिक्षक दल द्वारा बेसिक प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रथम दिवस में टोली विभाजन, परिचय शिविर, रोटाचार्य, भलाई कार्य त्यादि पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-प्रशिक्षार्थी उत्साहपूर्वक मुंगेली जिले के अलावा जयपुर राजनांदगांव, कबीरधाम इत्यादि प्रदेश के विभिन्न जिलों से सम्मिलित हुए हैं। इसी कड़ी में कबीरधाम से स्काउट मास्टर सौरभ शर्मा, हीरो कुमार चंद्राकर, गाइड केप्टिन चेतना मिश्रा, शीतला साहू, मोहनी पटेल शिविर में शामिल हुई।

# वनांचल स्कूलों का औचक निरीक्षण अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

खण्डशिक्षा अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर एवं सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी शेखर राजपूत ने गत गुरुवार को वनांचल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक शाला सूक्झर, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बनगौरा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भुरसी पकरी, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल दलदली तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल तरेगांव जंगल का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान 5 शिक्षक विद्यालय के निर्धारित समय पर अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शिक्षा अधिकारियों ने इस अवसर पर निर्देशित किया कि शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित रहें, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता ठीक रखी जाए, नियमित डायरी लेखन और कक्षा कार्य का मूल्यांकन किया जाए, बच्चों का निरंतर निरीक्षण कर उनकी प्रगति पर ध्यान दिया जाए। अधिकारियों ने शिक्षकों को अभ्यासात्मक शिक्षण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरांत अधिकारीगण संकुल तरेगांव जंगल में प्रधान पाठक के समीक्षा बैठक में भी शामिल हुए और विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर चर्चा की। सुबह 10 बजे खण्ड शिक्षा अधिकारी ने माध्यमिक शाला बनगौरा की प्रार्थना सभा में भाग लेकर विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति व अध्ययन हेतु प्रेरित भी किया।



### संविदा कर्मचारी महासंघ ने एक दिन किया काम बंद, ज्ञापन सौंपकर किया प्रदर्शन

# एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को संविदा कर्मचारी महासंघ का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दस सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य सहित कबीरधाम जिले में गत 18 अगस्त से करीब 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल लगातार जारी है। हड़ताल के दौरान 25 एनएचएम संगठन के पदाधिकारियों की सेवा समाप्त भी कर दी गई है बावजूद इसके कर्मचारियों का आंदोलन विभिन्न गतिविधियों व प्रदर्शनों के साथ चल रहा है। एनएचएम कर्मचारियों द्वारा नियमितिकरण, जॉब सुरक्षा, संविलियन, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है । बताया जाता है कि अब इस आंदोलन में राज्य के संविदा कर्मचारियों के एकमात्र फेडरेशन छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन दिया है जिसमें सभी विभाग के संविदा कर्मचारी एक दिन 12 सितंबर को काम बंद कर एनएचएम कर्मचारियों के धरना स्थल पर पहुचे और उनकी मांगों को समर्थन दिया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी मंत्रियों व विधायक के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी जानकारी संविदा फेडेरेशन के सचिव श्रीकांत लास्कर और उपाध्यक्ष संजय सोनी ने दी। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 25 दिन से आंदोलन कर रहे एनएचएम कर्मचारियों की उपेक्षा से पूरे संविदा कर्मचारी आक्रोशित हैं। शासन प्रशासन मांगों को पूरा करने के स्थान पर सेवा समाप्ति जैसे निर्णय ले रहा है जो कि उचित नहीं है। संविदा महासंघ ने इस मामले में मुख्यमंत्री से भी हस्तक्षेप की अपील की है। महासंघ ने यह भी कहा है कि सरकार का अड़ियल रुख जारी रहने से पूरे प्रदेश के संविदा कर्मचारी भी आंदोलन को बाध्य होंगे। शुक्रवार को एनएचएम के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जेम्स जॉन, विनिष जॉय, भास्कर देवांगन, रुपेश साहू, दुर्गेश गुप्ता, वीर सिंह साहू, डॉ दीपक ध्रुव, डॉ चंचला, डॉ ममता सिंह ठाकुर, आकृति सिंह सिदार, दुर्गा मरावी, ओमन चंद्रवंशी विशोक साहू, धुर्वा साहू, अंजिता मरकाम ऊषा कौशिक एवं सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ से संजय सोनी, संजय काठले, राजेश्वर निर्मलकर, वेदप्रकाश साहू, सुशील वर्मा, भगत चौधरी आदि उपस्थित थे।







## खबर संक्षेप



### दूधकंवरा यादव समाज का सामुदायिक भवन नव-निर्माण कार्य जोरों पर

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में दूधकंवरा यादव समाज सामुदायिक भवन का नव-निर्माण का कार्य जोर-शोर से ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती मनकीबाई मनोहर धुर्वे द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जाता है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दूधकंवरा यादव समाज को सामुदायिक भवन के लिए 650000 की अनुशंसा प्रदान की गई  वहीं स्वीकृत राशि मिलते ही ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा भवन नव-निर्माण कार्य जोर शोर से करवाया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर दिल्ली में सम्मानित हुई छत्तीसगढ़ की उल्लास टीम

- उत्कृष्ट कार्यो के लिए छत्तीसगढ़ के उल्लास कार्यक्रम को मिला राष्ट्रीय सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कबीरधाम अध्यक्ष गोपाल वर्मा कलेक्टर, उपाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम, सचिव एफआर वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, जिला परियोजना अधिकारी-उल्लास देवराज सिंह ठाकुर, जिला नोडल अधिकारी उल्लास अवधेश नंदन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी-उल्लास प्रशांत पाण्डेय की बनाई योजना अनुसार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की उल्लास टीम ने व्याख्याता हेमधर साहू दल प्रभारी के नेतृत्व में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई।

छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत टीम ने अपनी संस्कृति और कार्यो से सभी का मन-मोह लिया। कार्यक्रम में जशपुर जिले की स्वयंसेवी शिक्षिका संगीता टोप्पो ने कठिन परिस्थितियों में असाक्षरों को साक्षर बनाने का अपना अनुभव साझा किया। संगीता टोप्पो ने अपने ग्राम को पूर्ण साक्षर करने का संकल्प लिया। उनके जय जोहार उद्घोष से पूरा ऑडिटोरियम गूंज उठा और छत्तीसगढ़ की संस्कृति की पहचान राष्ट्रीय मंच पर और भी प्रखर हो उठी। मुख्य अतिथि केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी, त्रिपुरा के शिक्षामंत्री किशोर बर्मन, मिजोरम के शिक्षामंत्री वनलाल थलाना, डीओएसईएल के सचिव संजय कुमार तथा संयुक्त सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति में उल्लास संग्रह का विमोचन किया गया। छत्तीसगढ़ को उल्लास कार्यक्रम के उत्कृष्ट कार्यो के लिए शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह की विषयवस्तु डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना रही।

छत्तीसगढ़ के दल प्रभारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर वाणिज्य विषय के व्याख्याता हेमधर साहू ने बताया कि कैसे सभी के लिए शिक्षा और जन-जन साक्षर के लक्ष्य को पूरा करने के लिए 15 वर्ष से ऊपर के असाक्षरों की पहचान, पंजीकरण और परीक्षा दिलाकर उन्हें साक्षर बनाया जा रहा है। राज्य नोडल अधिकारी उल्लास प्रशांत पाण्डेय के लगातार मॉनिटरिंग व प्रोत्साहन से साक्षरता दर में उत्कृष्ट प्रगति हुई है। छत्तीसगढ़ के कार्यो की चहुं ओर प्रशंसा होने, राष्ट्रीय मंच पर शिल्ड से सम्मानित होने से छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा है, इस टीम ने छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है, जो प्रेरणा का प्रतीक बन गई। इसी के साथ ही छत्तीसगढ़ टीम की लीडरशिप कबीरधाम जिले के एएलटी स्काउट हेमधर साहू को देने से कबीरधाम जिले को उल्लासित किया कवर्धा हर्षित है। छत्तीसगढ़ की उल्लास टीम में दुर्ग जिले से रश्मि ठाकुर (नोडल अधिकारी-एबीईओ), सुनीता साहू (स्वयंसेवी शिक्षक), कमला नेताम और ईश्वरी देशमुख (नवसाक्षर), सुकमा जिले से परिणिता कश्यप व ममता सिंह (स्वयंसेवी शिक्षक), मिटकी नाग और बिसंती नाग (नवसाक्षर), जशपुर जिले से संतोषी डड़सेना व संगीता टोप्पो (स्वयंसेवी शिक्षक), राजू दान टोप्पो और श्यामवती चौहान (नवसाक्षर) तथा दल प्रभारी के रूप में कबीरधाम जिला से हेमधर साहू (स्वयंसेवी शिक्षक) शामिल थें। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर यह सिद्ध किया कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।




**नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास का संदेश प्रसारित किया**

दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ की उल्लास टीम ने राजधानी के ऐतिहासिक स्थलों में इंडिया गेट इत्यादि पर भी नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास का संदेश प्रसारित किया। हेमधर साहू ने कहा कि आगामी दिनों में शत-प्रतिशत सर्वे कार्य पूर्णकर, 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले असाक्षरों को 200 घंटा पढ़ाई पूरी कराकर परीक्षा में शामिल कराकर पूर्ण साक्षर छत्तीसगढ़ राज्य का दर्जा हासिल करना उद्देश्य है।

## ग्रामीणों ने लिया बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प

# बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत अमलीडीह में जाकर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए जन-जागरूकता रैली के माध्यम से बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी जिलों को मार्च 2026 तक 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है, इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी ग्राम पंचायतों टीम के द्वारा जन जागरूक किया जा रहा है।

इस जन-जागरूकता रैली कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह ठाकुर प्राचार्य, पूर्णिमा श्रीवास्तव, सुमन तिवारी, सरिता श्रीवास्तव, प्रीति राय, विनीता कौशिक शिक्षक, महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक, रामलाल पटेल सुपरवाइजर, भारती धुर्वे, मंदाकिनी वर्मा केस वर्कर खेमलाल चटर्जी एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं, ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

**ग्रामवासियों को रैली के माध्यम से किया जागरूक**




महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया। तत्पश्चात 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए इसके अनुसार किसी लड़के 21 या लड़की की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी के लिए लड़की का उम्र 18 वर्ष और लड़कों का उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098  राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं।

# सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानपाठक को थमाया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्कूल निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक को विलंब से आने और नियमित रूप से कालखण्ड नही लेने के कारण नोटिस जारी किया है। शासन के मंशानुरूप जिले के शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता के लिए इन दिनों जिले में स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कवर्धा विकासखण्ड के सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला महराटोला में कक्षा 1 से 8 वीं तक कि कक्षाएं संचालित है। वहीं प्रधान पाठक प्रकाश गिरी गोस्वामी शाला में विलंब से आने और नियमित रूप से कालखण्ड नही लेने के कारण नोटिस थमाया गया।

छात्र छात्राओं ने एबीईओ को जानकारी दी गई कि प्रधान पाठक प्रतिदिन विलम्ब से आते हैं प्रार्थना सभा मे उपस्थित नही रहते हैं, उन्हें शाला के समय सारिणी में तीन कालखंड आबंटित होने के बाद भी शाला खुलने के बाद से अब तक कुछ ही दिन उनके द्वारा पढ़ाया गया, शिक्षक डायरी भी इनके द्वारा नहीं बनाया गया है। साथ ही कक्षा 6 वीं के सामाजिक विज्ञान में केवल एक पाठ तक का ही अध्यापन कराया गया है, शाला के पुस्तकालय के लिए प्राप्त पुस्कतों के बंडल को आज पर्यत खोला नहीं गया है, बच्चों को पुस्तकालय के पुस्तकों का वितरण भी नहीं किया जाता है, शाला में साज-सज्जा का अभाव इन सभी कारणों से एबीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधान पाठक को नोटिस दिया गया।

## पेंड्रीकला में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता को लेकर समीक्षा बैठक



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत संकुल केंद्र पेंड्रीकला में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र साहू, संकुल प्रभारी ओमप्रकाश पांडेय, संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता 2025-26 को लेकर केंद्र अंतर्गत समस्त शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का बृहद बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शाला संचालन हेतु समय प्रबंधन प्रार्थना सभी विषयों की गंभीरता से पढ़ाई-लिखाई एवं साफ-सफाई तथा आगामी त्रैमासिक परीक्षा के संदर्भ में जानकारी दी गई। संकुल प्रभारी ओमप्रकाश पांडेय द्वारा गुरु और शिष्य के बीच संबंध तथा गुरु के शिष्य के प्रति कर्तव्य का बोध कराया गया। वहीं पर शासकीय हाई स्कूल बसनी प्रधान पाठक बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर द्वारा शिक्षा गुणवत्ता को लेकर नैसर्गिक एवं प्राकृतिक न्याय पद्धति पर प्रकाश डाला गया। संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर द्वारा उपस्थित शिक्षकों के बीच शिक्षा गुणवत्ता को लेकर विभिन्न विषयों पर गंभीर चर्चा की गई। संकुल केंद्र कुण्डा समन्वयक भागीरथी चंद्राकर द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता 2025-26 को लेकर विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई एवं शिक्षा को लेकर स्कूल के रंग-रोगन, भवन एवं प्रांगण की साफ-सफाई एवं शिक्षकीय दायित्वो का बोध कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी गण व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# सकरी नदी तट पर गुप्ता मोहल्ला परिवारों का सामूहिक पितृ तर्पण



- परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पितृपक्ष के छठवें दिन शुक्रवार को सकरी नदी तट स्थित रामघाट में गुप्ता मोहल्ला वासी ने सामूहिक पितृ तर्पण किया। सुबह से ही श्रद्धालु स्नान कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्वजों का स्मरण करते हुए तर्पण में जुट गए। पं. मनीष दुबे ने विधि-विधान से श्राद्ध-तर्पण कराया और पितरों की कृपा तथा आशीर्वाद प्राप्ति की महत्ता बताई। सामूहिक तर्पण करने वालों में संजय मिश्रा, रामाधार गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, प्रमोद सोनी, चंद्रशेखर गुप्ता, दीपक गुप्ता, मोंटू गुप्ता, बलदेव प्रसाद गुप्ता और बलदाऊ गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल थे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने पितरों के प्रति आस्था व्यक्त कर परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। सामूहिक आयोजन ने गुप्ता मोहल्ले के लोगों की आस्था और एकजुटता को विशेष रूप से दर्शाया। जिससे आने वाली पीढ़ी को भी जानकारी मिल रही है।

## आत्महत्या रोकथाम दिवस जन-जागरुक कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि पिपरिया।** महंत श्रीरामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में रजत जयंती के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया के कुशल मार्गदर्शन में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया। जिसमें डॉ विनोद चंद्रवंशी (बीएमओ) द्वारा आत्महत्या के लक्षण, कारण एवं इसके रोकथाम के उपाय के बारे मे महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सुश्री मंजू वर्मा क्लीनिकल साइकोलॉजीस्ट द्वारा मानसिक तनाव एवं विषाद कारण को सरल ढंग से खेल के माध्यम से दिखाया गया एवं क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसायटी पिपरिया के तत्वाधान में आयोजित की गई, जिसमें बालाराम साहू रेडक्रास सोसाइटी, एलके सोनी, राघवेन्द्र पाटिला, त्रिलोकचंद मृचंडे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास, सत्येंद्र चंद्रवंशी (सहा प्राध्यापक) बृजभूषण वर्मा (सहा प्राध्यापक) एवं समस्त प्राध्यापकगण, छात्र छात्राएं सम्मिलित थें।

## पालकगण ने स्कूली परिसर को समतलीकरण करने मांग की

# जल-भराव से स्कूल परिसर तालाब में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बरबसपुर परिषर पर जल-भराव के चलते स्कूली छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को आने-जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

ग्राम बरबसपुर के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला परिषर में जलभराव की समस्या बनी हुई है। स्कूल परिषर में पानी भरे रहने से छात्रों और शिक्षकों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों को प्रतिदिन इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव व कीचड़ में फिसलने से उनकी स्कूल यूनिफॉर्म खराब हो जाती है। इस स्थिति के कारण बच्चों की शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन से जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था करने अपील की गई।



यहां बताना लाजिमी होगा कि बारिश की पानी स्कूल परिषर पर जल-भराव होने से तालाब व कीचड़ में तब्दील हो चुकी है साथ ही साथ देखरेख के अभाव में परिषर में भारी खरपतवार भी उग आए हैं, जिससे कीचड़ पर स्कूली बच्चे आने जाने मजबूर है। जिससे विद्यार्थियों के जूता-मौजा व स्कूली ड्रेस गंदे हो रहे हैं जिससे छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की मुश्किलें और बढ़ गई है। जिस पर ग्रामीणों व पालकगणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा स्कूली परिषर को समतलीकरण करने की मांग की गई ताकि स्कूल परिषर स्वच्छ और सुंदर बन सकें।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए नंदूराम निर्मलकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूसे के प्रभारी प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने बताया कि यह पुरस्कार मुझे नहीं मेरे विद्यालय के समस्त व्याख्याता गण के मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने अध्यापन की प्रक्रिया को सतत और सुचारू रूप से सरल विधियों के द्वारा बच्चों तक पहुंचाया साथ ही साथ मुझे जो मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी से मिलता था उसको मैंने अपने विद्यालय पर लागू किया, जिसके कारण मेरे विद्यालय का वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम कक्षा दसवीं का 100 प्रतिशत रहा। उन्होंने विद्यालय के समस्त व्याख्याता गण को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

